
पाठ्य पुस्तक

# कस्तूरी

3



सॉविनिर पब्लिशर्स प्रा. लि.

**TEACHER'S BOOK**

# कस्तूरी-3

## अध्याय - 1

**कविता से**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

   (क) (ii) भारत-भू ने (ख) (ii) बजारा (ग) (ii) नवयुग

   (घ) (i) भारत में जन्म लेना

2. **पढ़ो, समझो और प्रश्नों के उत्तर दो :**

   (क) सारे जग को पथ कौन दिखाता है?

   सारे जग को पथ ध्रुव तारा दिखलाता है।

   (ख) आँचल किससे भीगा हुआ है?

   हमारा आँचल चंदन की खुशबू से भीगा हुआ है।

   (ग) सौ रोगों की एक दवा क्या है?

   खुली धूप और खुली हवा सौ रोगों की एक दवा है।

   (घ) इस धरती पर क्या प्यारा है?

   इस धरती पर जीना और मरना दोनों प्यारा है।

   (ङ) हमारा नारा क्या है?

   हम जीवन की राह में कभी झूकेंगे और रुकेंगे नहीं, यही हमारा नारा है।

3. **उचित तान-अनुतान के साथ कविता कंठस्थ कर कक्षा में अभिनय कर सुनाइए।**

   स्वयं कीजिए।

4. **इन्हें भी जानो :**

   स्वयं कीजिए।

**भाषा-ज्ञान**

1. **शब्दों के उल्टे अर्थ वाले शब्द बनाओ :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जन्म | – मृत्यु | सौभाग्य | – दुर्भाग्य |
| खुशबू | – बदबू | सच | – झूठ |
| रोग | – नीरोग | नवयुग | – पुरायुग |

2. **नीचे दी गई पंक्तियों में रंगीन शब्दों के लिंग बताओ :**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | सारे जग को पथ दिखलाने। | पुल्लिंग |
| | वह जो ध्रुव तारा है। | पुल्लिंग |
| (ख) | धूप खुली है, खुली हवा है। | स्त्रीलिंग |
| | सौ रोगों की एक दवा है। | पुल्लिंग |
| (ग) | जन्मभूमि से बढ़कर सुंदर। | स्त्रीलिंग |

कौन देश है इस धरती पर। पुल्लिंग

**अपनी कलम से**

1. 'राष्ट्रभक्ति' कविता का कोई और शीर्षक सुझाओ :

   देशप्रेम

2. राष्ट्रभक्ति अथवा देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत चार पंक्तियों की कविता बनाओ :

   हम भारत के वासी,
   भारत की शान बढ़ाएँगे।
   जब दुश्मन देखेगा इस ओर,
   हम सब सैनिक बन जाएँगे।

3. **पढ़ो :**

   स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 2

**प्रश्न-पिटारी**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

   (क) (iii)ततैया ने (ख) (ii) चौदह महीने (ग) (ii) चमगादड़ों को

   (घ) (iii)कुतिया

2. **प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

   (क) जेल में नेहरू के साथ कौन-कौन से जंतु थे?

   जेल में नेहरू के साथ अनेक जीव थे, जैसे चीटियाँ, ततैये, चमगादड़, छिपकली, गिलहरी बिच्छू आदि।

   (ख) नेहरू ने ततैए को बाहर क्यों नहीं निकाला?

   क्योंकि नेहरू जी उनके वहाँ आराम से रहने में बाधा नहीं बनना चाहते थे।

   (ग) गिलहरियों के बच्चों को दूध पिघाने की समस्या कैसे दूर हुई?

   नेहरू जी ने गिलहरियों के बच्चों को दूध पिलाने के लिए फॉउंटेन पेन के फिलर में जरा-सी रूई लगाकर उसे बढ़िया फीडिंग बोतल का रूस दे दिया था। इस प्रकार गिलहरी के बच्चों को दूध पिलाने की समस्या हल हो गई थी।

   (घ) मोटे बंदर ने क्या साहसिक कार्य किया?

   मोटे बंदर ने डंडे और लाठियों से युक्त लोगों की भीड़ के बीच से अपने बच्चे को बचाने का साहसिक कार्य किया था।

   (ङ) नेहरू को किस बात की खुशी हुई?

   नेहरू जी को कुतिया के बच्चों को जीवित बचाने में सफलता प्राप्त कर अत्यधिक खुशी महसूस हुई थी।

1. **शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए –**

   परिचित – जान-पहचान वाला।

मैं अनेक ऐसे लोगों से परिचित हूँ जो सुंदर मूर्तियाँ बना सकते हैं।

इरादा – निश्चय।

आदमी अपने इरादों से कामयाब होता है।

दुबकना – छिपना।

गिलहरी का बच्चा दीवार के साथ दुबका बैठा था।

बहादुरी – वीरता।

संकट के समय बहादुरी से काम लेना चाहिए।

2. **वर्णमाला में सभी अक्षरों या वर्णों को क्रम से लगाया जाता है। वर्णों से बने शब्दों को शब्दकोश के क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। शब्दों को क्रम से व्यवस्थित कीजिए।**

| | |
|---|---|
| अफसर | घोंसला |
| आबादी | जीवन |
| उछल | झुंड |
| उन्हें | डर |
| कोठरी | मुझे |
| | रस्सी |
| | विजय |

3. **उल्टे अर्थ वाले ( विलोम ) शब्द लिखिए –**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दोस्त | – | दुश्मन | अच्छी | – | बुरी |
| पालतू | – | जंगली | ऊपर | – | नीचे |
| जीवन | – | मरण | पसंद | – | नापसंद |

- **उच्च स्वर में उच्चारण कीजिए –**

  स्वयं कीजिए।

- **'फल' शब्द का अर्थ परिणाम या नतीजा है। 'फल' के 'फल' में आ की मात्रा लगाने पर नया शब्द बना है 'फाल', जिसका अर्थ है हल के नीचे का भाग जो खुदाई करता है। इसी प्रकार दिए शब्दों से विभिन्न मात्राओं का प्रयोग कर नए-नए शब्द बनाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सब – | सेब | सूबा | घर – | घोर | घेर |
| कद – | कैद | कैदी | चर – | चार | चोर |
| बल – | बैल | बाल | खत – | खेत | खाता |

**बुद्धिबल अपनाओ**

- **निम्न वाक्यों में कुछ जीव-जंतुओं के नाम छिपे हैं, उन्हें ढूँढ कर लिखिए।**

  अंवरा, छिपकली

  शेर, गिलहरी

तोता

चहा

- **समझते हो तो जवाब दो :**

1. वतन, 2. रेलगाड़ी 3. गन्ना 4. मोमबत्ती

**शब्दों का खेल**

- **आओ शब्दों की अंत्याक्षरी खेलें।**

अंत्याक्षरी की शुरुआत हम कर देते हैं। अब आप इसे आगे बढाइए :

- **कितने पैर?**

**कुछ जंतुओं के दो पैर होते हैं, कुछ में चार और कुछ में आठ। नीचे सही खाने में जंतुओं के नाम लिखिए –**

| दो पैर | चार पैर | आठ पैर |
|---|---|---|
| आदमी | गाय | मकड़ी |
| | भैंस | |
| | बकरी | |
| | ऊँट | |

**आओ कुछ करके दिखाएँ**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय – 3

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (i) नटखट (ख) (ii) शक्तिमान की (ग) (i) चोट के कारण

(घ) (i) प्यार से

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो :**

(क) बीनू छुट्टियों में कहाँ गया?

बीनू छुट्टियों में अपनी नानी के घर गया था।

(ख) बीनू को अपनी नानी कैसी लगती थी?

बीनू को अपनी नानी किसी परी के समान लगती थी।

(ग) बच्चे ने बीनू से क्या बनने के लिए कहा।

बच्चे ने बीनू से शक्तिमान बनने के लिए कहा।

(घ) बीनू की माँ उसके लिए क्या लाई?

उसकी माँ उसके लिए हल्दी वाला दूध लेकर आई।

(ङ) बीनू नानी के आँचल में छुपकर क्यों रोने लगा था?

बीनू नानी के आँचल में छिपकर रोने लगा, क्योंकि उसके जख्मों में गहरा दर्द हो रहा था।

**2. सही शब्द भरकर वाक्य पूरे करो :**

(क) नानी (ख) प्यार (ग) खुश (घ) लथपथ (ङ) आनाकानी

**3. यही भी जानो :**

स्वयं कीजिए।

**भाषा-ज्ञान**

**1. दिए गए शब्दों में से वर्ण और मात्राएँ अलग-अलग कीजिए –**

दोपहर – द् + ओ + प् + अ + ह् + अ + र् + अ

छुट्टियाँ – छ् + उ + ट् + इ + ट् + अ + य् + आ + ँ

किताबें – क् + इ + त् + आ + ब् + ए + ं

मनोरंजन – म् + अ् + न + ओ + र् + अ + ं + ज् + अ + न् + अ

बिस्तर – ब् + इ + स् + त् + अ + र् + अ

**2. कोष्ठक में दिए गए शब्द के मिलते-जुलते शब्द से वाक्य पूरे करो :**

(क) शरारती (ख) विद्यालय (ग) बालक (घ) माता (ङ) पीड़ा

**3. दिए गए वाक्यों से संज्ञा शब्द छाँटो –**

(क) बीनू (ख) टी.वी. (ग) बच्चे, गेंद (घ) हाथ, गिलास

(ङ) दिल्ली

**4. उचित स्थान पर ( ं ), ( ँ ) या ( ॅ ) लगाओ :**

| | | |
|---|---|---|
| माँ | ड्राइंग | छुट्टियाँ |
| अँगुली | झाँक | मनोरंजन |
| ठंडा | डॉक्टर | |

**आपकी सोच से**

**बीनू बच्चों के कहने पर शक्तिमान का अभिनय करने लगा। आप उसकी जगह पर होते तो क्या करते? लिखो।**

स्वयं कीजिए।

**अपनी कलम से**

- **दिए गए चित्र को समझो और उस पर पाँच वाक्य लिखो –**

1. दिए गए चित्र में तीन बालक हैं।
2. तीनों बालक आपस में झगड़ रहे हैं।
3. दोनों बालकों ने तीसरे बालक को गिरा दिया है।
4. ज़मीन पर गिरा हुआ बालक चीखता है।
5. शेष दोनों बालक तीसरे बालक की दुर्दशा पर हँस रहे हैं।

**चर्चा-मंच**

- **क्या तुम्हें भी कोई ऐसे ही उकसाता है? तब तुम्हें कैसा लगता है? कक्षा में चर्चा करो।**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 4

**प्रश्न-पिटारी**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (i) जंगल में (ख) (i) गिलहरी को (ग) (iii) आलसी (घ) (i) परिश्रमी

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो –**

(क) कौए का स्वभाव कैसा था?
कौआ आलसी और कामचोर था।

(ख) कौआ जंगल में क्यों चला गया?
कौआ जंगल में गाँव वालों से डर कर चला गया था।

(ग) गिलहरी ने कौए से क्या करने को कहा?
गिलहरी ने कौए से मेहनत से खेती करने को कहा था।

(घ) कौए ने क्या-क्या काम किए?
कौए ने आलस और आराम के सिवा कोई काम नहीं किया।

(ङ) कौए के अनाज का क्या हुआ?
कौए के हिस्से का अनाज सही देखभाल के अभाव के कारण बारिश के पानी में बह गया।

2. **किसने, किससे कहा –**

(क) गिलहरी ने कौए से कहा।

(ख) कौए ने गिलहरी से कहा।

3. **चित्रों की सहायता से वाक्य पूरे करो –**

(क) कौआ आलसी और कामचोर था।

(ख) वह एक पीपल के पेड़ पर जा बैठा।

(ग) उसी पेड़ पर एक गिलहरी रहती थी।

(घ) गिलहरी हल उठा कर चल दी।

(ङ) उस दिन बड़े जोर की वर्षा हुई।

3. **सही कथन पर ( ✔ ) का चिह्न लगाइए –**

(क) ✗ (ख) ✔ (ग) ✔ (घ) ✔ (ङ) ✗

**भाषा-ज्ञान**

1. **दिए गए संज्ञा शब्दों ( नामों ) से वाक्य बनाओ –**

नगर – मैं एक बड़े नगर में रहता हूँ।

बच्चा – बच्चा बड़ा नटखट था।

गिलहरी – गिलहरी पीपल के पेड़ पर रहती थी।

हल – कौए ने हल चलाकर खेत जोता।

वृक्ष – वृक्ष हमारे मित्र हैं।

2. **दिए गए चित्र में से कम से कम आठ संज्ञा शब्दों को छाँटकर कर लिखो :**

| | |
|---|---|
| पेड़ | कौआ |
| शाखा | पत्ता |
| तना | टहनी |
| गिलहरी | घास |

3. **जिन शब्दों के अंत में ( ई ) की मात्रा लगाने पर लिंग बदलता है, उन पर गोला लगाओ –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बकरा | माली | नाना | राजा |
| धोबी | दादा | घोड़ा | दास |
| नायक | पिता | बेटा | राजकुमार |

4. **शब्दों को पढ़कर सही वचन तक एक रेखा खींचो –**

| | | |
|---|---|---|
| | चीजें | |
| | कौआ | |
| | शाखाएँ | |
| | बच्चे | |
| एकवचन | कलश | बहुवचन |
| | पौधा | |

**शब्दों का खेल**

- **दिए गए शब्दों में से शब्द बनाओ, जिनके अर्थ भिन्न हों :**

नगर – नर    जूठन – जून

अनाज – नाज    पीपल – पल

**हमारे हाथों से**

**कौए और गिलहरी का चित्र बनाकर रंग भरो :**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 5

**कविता स**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न :**

(क) (i) बचपन की    (ख) (i) बचपन का आनंद    (ग) (i) मोती से `

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो :**

(क) बचपन में रोने और मचलने में आनंद क्यों आता है?

बचपन में रोने और मचलने में आनंद आता है, क्योंकि इससे माता-पिता का विशेष प्यार प्राप्त होता है।

(ख) बचपन को मस्ती भरा जीवन क्यों माना जाता है?

बचपन को मस्ती भरा जीवन माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में बच्चा चिंता रहित होकर खेलता, खाता और घूमता-फिरता है।

(ग) बच्चा निर्भय क्यों रहता है? सही उत्तर चुनो –

अपने माता-पिता के साथ बच्चा स्वयं को सुरक्षित समझता है।

**2. कविता की पंक्तियों को पूरा करो –**

चिंता रहित खेलना, खाना
वह फिरना निर्भय स्वच्छंद।
कैसे भुलाया जा सकता है,
बचपन का अतुलित आनंद।

**3. इन प्रयोग के अर्थ बताओ –**

(क) खूब दूध पीना

(ख) घर को खुशहाल बनाना

(ग) अमृत पीना

(घ) बच्चे के मन को मोहित करने वाले आँसू

**भाषा-ज्ञान**

**1. दिए गए शब्दों के अर्थ बताओ –**

मधुर याद – मीठी और अच्छी याद

निर्भय – बिना डर की

स्वच्छंद – स्वतंत्र, सब चिंताओं से मुक्त

कल्लोल – खुशी देने वाली किलकारी

**2. इन्हें समझो और बताओ :**

| | |
|---|---|
| बचपन की याद कैसी होती है? | मधुर |
| मेरे आँसू कैसे हैं? | मोती से |
| मैं कैसे घूमता हूँ? | स्वच्छंद |
| मैं कैसे रोता हूँ? | खुलकर |

**अपनी-अपनी सोच**

- **अपने बचपन की कोई रोचक घटना लिखो :**

  स्वयं कीजिए।

- **अपने बचपन पर चार पंक्तियों की एक कविता बनाओ :**

  जब मैं छोटा बच्चा था।
  स्वच्छंद आँगन में दौड़ा करता।।

कभी हँसता, कभी रोता-बिलखता।
सबके मन को हर्षाया करता।।

**हाथों का कमाल**

**दिए गए चित्रों को पूरा कर आकर्षक रंग भरो :**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 6

**प्रश्न-पिटारी**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न :**

   (क) (i) जुगनू (ख) (i) डिब्बे में (ग) (i) मम्मी ने (घ) (i) माही

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर हो :**

   (क) माही उदास क्यों थी?
   माही खेल न पाने के कारण बहुत उदास हो गई थी।

   (ख) माही ने आँगन की दीवार पर क्या देखा?
   माही ने आँगन की दीवार पर नन्हे दीए जैसी कोई चीज़ रोशनी करती दिखाई दी।

   (ग) माही अचंभित क्यों हो गई?
   माही जुगनू को चलते-फिरते दीए के रूप में देख कर अचंभित हो गई।

   (घ) माही ने जुगनूओं को डिब्बे में क्यों कैद किया?
   माही ने जुगनूओं को डिब्बे में बंद कर लिया ताकि वह अपनी सहेलियों को उनका चमत्कार दिखा सके।

   (ङ) उसने जुगनूओं को क्या नाम दिया?
   उसने जुगनूओं को उजाले के बच्चों का नाम दिया।

   (च) जुगनू कैसा प्रकाश उत्पन्न करता है?
   जुगनू शीतल प्रकाश उत्पन्न करता है।

2. **सही शब्द भरकर वाक्य पूरे करो :**

   (क) बारिश (ख) अँधेरा (ग) जुगनुओं (घ) जादू (ङ) शोर

**भाषा-ज्ञान**

1. **इन्हें भी जानो –**

   स्वयं कीजिए।

2. **थोड़ा गुदगुदाइए –**

   स्वयं कीजिए।

3. **दिए गए संज्ञा शब्दों को उनके सही स्थान पर लिखो –**

| **व्यक्ति/प्राणी** | **स्थान** | **वस्तु** | **भाव** |
|---|---|---|---|
| माही | घर | दीया | बचपन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कीड़ा | बरामदा | पलंग | शीतल |
| जुगनू | दिल्ली | डिब्बा | उदासी |
| माँ | | | |
| पिता | | | |

**4. पाठ में आए कुछ शब्दों के नाम शब्द-जाल से छाँटो:**

| | |
|---|---|
| आँगन | सहेलियाँ |
| जुगनू | दीवार |
| पलंग | बरामदा |
| दीया | आसमान |

**5. जुगनू की तरह तुम किस-किस को डिब्बे में बंद कर सकते हो–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| –चींटी को | ✔ | – हाथी को | ✗ |
| –भैंस को | ✗ | – मक्खी को | ✔ |
| – चिड़िया को | ✔ | – कुत्ते को | ✗ |

**6. बताओ इन्हें और क्या-क्य कहते हैं?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बगीचा | उद्यान | वाटिका | बाग |
| वर्षा | बारिश | बरसात | वृष्टि |
| दीया | दीपक | बत्ती | दीप |
| घर | गृह | निकेतन | मकान |
| माँ | माता | जननी | अंबा |

**7. एक से अनेक बनाओ –**

| | |
|---|---|
| दीवार – दीवारें | दीया– दीए |
| माता – माताएँ | कीड़ा – कीड़े |
| डिब्बा – डिब्बे | सहेली – सहेलियाँ |
| खिड़की – खिड़कियाँ | कोशिश – कोशिशें |

**8. ध्यान दो –**

स्वयं कीजिए।

**चर्चा-मंच**

बच्चे अध्यापक/अध्यापिका की सहायता से स्वयं करें।

**हमारी कलम से**

- **नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए। चित्र में क्या दिखाया गया है? उस पर कुछ पंक्तियाँ अपने शब्दों में लिखो :**

एक बार एक बहेलिया था। वह जंगल से चिड़ियों को पकड़ कर पिंजरे में बंद करता और बाजार में बेचता था। गरमी की

दोपहरी में एक दिन जब वह एक पेड़ के नीचे सो रहा थ, तो उसने स्वयं को एक जाल में बंद पाया। उस दिन के बाद उसने चिड़ियों को पकड़ना छोड़ दिया।

## अध्याय - 7

**पढ़ो कहानी, बताओ जुबानी**

स्वयं कीजिए।

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न :**

   (क)(i)झोंपड़ी में (ख)(i)कहानी (ग)(ii) गधा (घ) (ii) बाघ को

**प्रश्न-पिटारी**

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो :**

   (क) दादी माँ क्यों परेशान थीं?

   दादी माँ की झोंपड़ी जगह-जगह से टपक रही थी, इसीलिए वह परेशान थी।

   (ख) उनका पोता किसलिए मचल रहा था।

   उनका पोता कहानी सुनने के लिए मचल रहा था।

   (ग) बाघ क्यों भाग गया?

   बाघ टिपटिपे के डर से भाग गया।

   (घ) पंडित जी क्यों झुंझला उठे?

   पंडित जी बारिश का पानी निकालते-निकालते थक गए थे, इसीलिए धोबी के आने पर झुंझला उठे।

   (ङ) गाँव वाले क्या देखकर भौंचक्के रह गए?

   गाँव वाले बाघ को खूँटी से बँधा देखकर भौंचक्के रह गए।

2. **यहाँ कहानी के कुछ वाक्य दिए गए हैं, उनका अर्थ समझकर अपने शब्दों में लिखो –**

   – पहले यह टप टप तो बंद हो।

   – यह टप टप क्या चीज़ है?

   – बहुत मारूँगा।

   – बाघ चुपचाप धोबी के पीछे चला दिया।

3. **इस कहानी में सभी परेशान थे। बताओ, कौन, किससे परेशान था?**

   बुढ़िया – टिपटिप से

   पोता – दादी से

   बाघ – टिपटिपे से

   धोबी – गधे से

   पंडित – बारिश से

**अपनी-अपनी सोच**

**1. यह कहानी बरसात के एक ऐसे दिन की है जब मूसलाधार बारिश हो रही थी। मूसलाधार बारिश के बजाय, यदि बूँदा-बाँदी हो रही होती तो क्या होता?**

उस रात यदि बूँदा-बाँदी हो रही होती तो बुढ़िया दादी की झोंपड़ी में टिपटिपे का डर नहीं होता। वह अपने पोते को कहानी सुनाती। धोबी पंडित जी के पास जाता तो वह उससे झुंझला कर बातें न करता। बाघ टिपपिटे के डर से धोबी के घर खूँटे से न बँधता। गाँव वाले बाघ को देखकर भौंचक्के न रहते।

**2. धोबी ने बाघ को खूँटें से बाँधा था। सोचकर बताओ और किस-किस को खूँटे पर बाँधा जा सकता है?**

गाय, भैंस, बकरी, ऊँट, गधा, बैल, भैंस आदि।

**भाषा-ज्ञान**

**1. पानी के टपकने से टिपटिप-टिपटिप की आवाज़ होती है। बताइए, नीचे दी गई आवाजें कब आती हैं?**

| | | |
|---|---|---|
| ठक-ठक | फड़-फड़ | खुर्र-खुर्र |
| कोई चीज़ ठोकते समय | पंख फड़फड़ते समय | मोटर चलने पर |
| धक-धक | धूँ-धूँ | धप-धप |
| दिल धड़कने पर | आग जलने पर | कमर पर हाथ मारने पर |

**2. एकवचन से बहुवचन बनाओ –**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| झोंपड़ी | – | झोंपडियाँ | छत | – | छतें |
| कहानी | – | कहानियाँ | बारिश | – | बारिशें |
| खूँटी | – | खूँटियाँ | बला | – | बलाएँ |
| बिल्ली | – | बिल्लियाँ | घास | – | घासें |
| पत्नी | – | पत्नियाँ | आँख | – | आँखें |

**3. हममें विशेषता क्या है? वह बताओ –**

| | | |
|---|---|---|
| दुबला धोबी | घना पेड़ | लाल कलियाँ |
| मोटा डंडा | पीला बांघ | सुंदर तितलियाँ |

**अपनी कलम से**

**कहानी को आगे बढ़ाओ –**

झमझम पानी बरस रहा था। मेघा छाता लेकर स्कूल गई। मेघा ने खुला छाता बरामदे में रख दिया। दिनभर बारिश होती – टप-टप-टप......। छुट्टी से पहले बारिश थम गई और जब घंटी बजी टन-टन-टन..... तो सभी बच्चे घर के लिए दौड़ पड़े। मेघा भी झटपट दौड़ पड़ी। "रुको मेघा, रुको" छाता पीछे से चिल्लाया।

मेघा रुकी और उसने छाते की ओर देखा। छाते ने मेघा से कहा – "देखा, बारिश में मैंने भीगने से तुम्हारी रक्षा की और अब तुम मुझे अकेला छोड़कर जा रही हो।" मेघा बोली – "छाते भैया, मुझे माफ़ कर दो। मैं घर जाने की जल्दी में सचमुच तुम्हें भूल गई थी। आओ चलो मेरे साथ घर चलो।" उसके बाद मेघा छाता उठाकर खुशी-खुशी अपने घर की ओर चल पड़ी।

## अध्याय - 8

**प्रश्न-पिटारी**

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न :**

(क) (ii) मिट्टी से (ख) (ii) घृणा (ग) (i) माँ को (घ) (i) कीटाणु

**1. पढ़ो, समझो और उत्तर दो –**

(क) अंकुर अपने कमरे में क्या कर रहा था?
अंकुर अपने कमरे की सफ़ाई कर रहा था।

(ख) अंकुर के सपने में कौन आया?
अंकुर के सपने में मिट्टी आई।

(ग) मिट्टी ने अपनी क्या उपयोग्यता बताई?
मिट्टी ने अपनी विभिन्न उपयोगिताएँ बताईं, जैसे मुझ से ईंटें, बर्तन आदि बनते हैं। सभी पौधे मिट्टी में उगते हैं। सीमेंट, लोहा, पत्थर आदि भी मुझे से ही मिलते हैं।

(घ) मिट्टी और कागज में क्या संबंध है?
कागज वृक्षों से बनता है जो कि मिट्टी में ही उगते हैं। अत: मिट्टी और कागज का आपस में गहरा संबंध है।

**2. मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए क्या कुछ करना पड़ता है; जैसे मिट्टी को खोदकर लाना, सानना, चाक पर चढ़ाना आदि। पता करो कि इन्हें बनाने के लिए क्या करना पड़ता है?**

- **कागज बनने लिए –**
  वनों से वृक्ष काटना, उसकी लुग्दी बनाना, मशीनों में कागज बनाना आदि।
- **चाय बनाने के लिए**
  पत्तियाँ चुनना, सुखाना, चाय का रूप देना, पानी उबालना, उसमें पत्ती डालना, छानना, पीना आदि।
- **रोटी बनाने के लिए –**
  आटा छानना, गूँदना, लोई बनाना, रोटी का रूप देना, तवे पर सेंकना आदि।
- **अन्न उपजाने के लिए –**
  जमीन को जोतना, बीज बखेरना, सिंचाई करना, काटना, गहाना आदि।

**3. मिट्टी कैसे बनती है?**

बर्षा, पवनों, धूप, अपक्षय आदि के कारण चट्टानें टूटती रहती हैं। चट्टानें टूटकर छोटे पत्थरों, फिर कंकड़ों आदि का रूप ले लेती हैं। धीरे-धीरे यही कंकड समय के साथ घिसकर अथवा टूटकर मिट्टी के कणों का रूप ले लेते हैं। बाद में इनमें पौधों एवं जंतुओं के अवशेष मिलकर उपजाऊ मिट्टी का रूप दे देते हैं।

**भाषा-ज्ञान**

**1. कभी-कभी, अलग-अलग आदि शब्द-युग्म हैं। इनका प्रयोग भी रोचकता लाने के लिए किया जाता है। पाठ में आए इस प्रकार के शब्द-युग्मों को छाँटो और लिखो –**

धूल – मिट्टी गाय – भैंस
डरते– डरते अन्न– जल

धीरे – धीरे    पेड़ – पौधे

**2. आप जानते हैं, क्ष, त्र, ज्ञ ओर श्र व्यंजन कैसे बने? ये दो व्यंजनों के संयोग से बने हैं।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्ष | = | क् + श् | – | कक्षा | क्षम | क्षत्रिय |
| त्र | = | त् + र् | – | पत्र | त्रस्त | त्रिशूल |
| रा | = | ग् + ज् | – | ज्ञान | विज्ञान | ज्ञानी |
| श्र | = | श् + र् | – | श्रम | श्रेष्ठ | श्रमिक |

**3. इनका उल्टा रूप क्या होगा? लिखो –**

रोना – हँसना    गंदा – साफ़
बैठना – उठना    बिखेरना – सहेजना

**4. यह भी जानो –**

स्वयं कीजिए।

**5. इन्हें भी जानो और फिर इनका प्रयोग करो –**

स्वयं कीजिए।

**6. एक से अनेक बनाओ –**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अलमारी | – | अलमारियाँ | सड़क | – | सड़कें |
| कुर्सी | – | कुर्सियाँ | चट्टान | – | चट्टानें |
| गली | – | गलियाँ | ईंट | – | ईंटें |
| मिठाई | – | मिठाइयाँ | गाय | – | गाएँ |
| लकड़ी | – | लकड़ियाँ | मेज | – | मेजें |

**आपकी नजर से**

- **नीचे मिट्टी से बनी कुछ चीजों के चित्र दिए गए हैं। उन्हें देखकर बताओ कि उनका प्रयोग किस-किस काम में होता है?**

| चीज का नाम | प्रयोग |
|---|---|
| सुराही | जल भरने के काम आती है। |
| कप-प्लेट | चाय पीने के लिए प्रयोग की जाती है। |
| कुंडी | चटनी बनाने के लिए |
| घड़ा | पानी भरने के लिए |
| चूल्हा | आग जलाने के लिए |
| घोड़ा | सवारी के लिए |
| मूर्ति | घर सजाने के लिए |

**हमारी कलम से**

- **कविता को पढ़ो और लय मिलाते हुए आगे बढ़ाओ –**

  जन्म लिया इस मिट्टी में,

पले-बढ़े इस मिट्टी में।
खाया अन्न इस मिट्टी का,
खेले-कूदे इस मिट्टी में।।
मिट्टी है यह मेरी जान,
बड़ी निराली इसकी शान।
वन-उपवन इस मिट्टी से,
पलता जीवन इस मिट्टी में।।

## अध्याय - 9

**प्रश्न-पिटारी**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न :**

(क) (ii) ईर्ष्या (ख) (ii) अलमारी में (ग) (i) मंसूबा (घ) (iii) परेशान

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो –**

(क) अवंती कैसा व्यक्ति था?
अवंती हँसमुख स्वभाव का व्यक्ति था।

(ख) अवंती ने किसकी दुकान खोली?
अवंती ने रंगाई की छोटी-सी दुकान खोली।

(ग) सेठ अवंती की दुकान पर क्यों आया?
सेठ अवंती की दुकान पर उसे परेशान करने के लिए गया था।

(घ) सेठ ने किस रंग में कपड़ा रंगने को कहा?
सेठ ने कपड़े को लाल, हरा, नीला, पीला, सफेद, काला, नारंगी, आसमानी, बैंगनी, आदि को छोड़कर किसी भी रंग में रंगने को कहा।

(ङ) अवंती ने कपड़े को ताले में क्यों बंद कर दिया?
अवंती सेठ जी की बात को पूरी तरह से समझ गया था, इसीलिए उसने कपड़े को अलमारी में रखकर ताला बंद कर दिया।

(च) सेठ दुकान से चुपचाप क्यों निकल गया?
सेठ दुकान से चुपचाप निकल गया, क्योकि अवंती से मुँह की खाकर वह लज्जित हो गया था।

2. **वाक्य पूरे करो –**

(क) निर्धनों (ख) रंगाई (ग) ईर्ष्या (घ) प्रसंशा (ङ) मंसूबा

3. **आपको अवंती कैसा लगा? उसके विषय में कुछ वाक्य लिखो। तुम उसकी शक्ल-सूरत, उसके कपड़े, उसकी बुद्धि आदि के विषय में बता सकते हो?**

अवंती एक हँसमुख तथा सामान्य शक्ल-सूरत वाला युवक था। वह लोगों को हँसाने के साथ-साथ अपने हर कार्य को

बेहतर ढंग से पूरा करता था।

**भाषा-ज्ञान**

**1. इनके जोड़े बना दो –**

स्वभाव – आदत    ऊँची – बुलंद

साहस – हिम्मत    अवसर – मौका

जलन – ईर्ष्या

**2. पढ़ो और समझकर करो –**

रंग – रंगाई    भला– भलाई

महक – महकाई    बुरा – बुराई

धुन – धुनाई    पिटा – पिटाई

**3. चित्रों को ध्यान से देखो। क्या आपको किसी मुहावरे की याद आई?**

1. दाँतों तले उँगली दबाना
2. अगूँठा दिखाना
3. चिराग तले अँधेरा
4. चुटकियों में काम करना
5. हाथ-कंगन को आरसी क्या।
6. ईद का चाँद होना

**4. चिता-चीता, सेर-सैर शब्द-युग्म में एक मात्रा का अंतर है। एक मात्रा के अंतर से ही शब्द का अर्थ बदल जाता है। ऐसे ही कुछ जोड़े और बनाओ –**

मेल – मैल    दिया– दीया

कोर – कौर    तिल – तेल

बेर – बैर    चार – चोर

मिल– मील    दिन – दीन

**5. बताओ, आप सप्ताह के सात दिनों में क्या करते हैं? प्रत्येक दिन के आगे लिखो –**

स्वयं कीजिए।

**कहो कहानी**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय-10

**प्रश्न-पिटारी**

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न :**

(क) (ii) वॉशवेशन पर   (ख) (i) पानी   (ग) (ii) ठीक करवाना चाहिए   (घ) (i) जल में

**1. पढ़ो, समझो और उत्तर दो :**

(क) मिताली ने किसके सुबकने की आवाज सुनी?

मिताली ने जल के सुबकने की आवाज सुनी।

(ख) जल कहाँ–कहाँ मिलता है?

जल नदियों, झीलों, सागरों, महासागरों आदि में मिलता है।

(ग) जल भाप कैसे बनता है?

जल सूर्य की गरमी से भाप बनकर उड़ता रहता है।

(घ) वायु के साथ ऊपर जाने पर भाप का क्या हुआ?

वायु के साथ ऊपर जाने पर भाप ठंडी होकर जल की बूँदों में बदल जाती है।

(ङ) आप पानी को व्यर्थ जाने से कैसे रोक सकते हैं?

हम जल का सावधानीपूर्वक प्रयोग करके उसे व्यर्थ जाने से रोक सकते हैं।

**2. पानी नीचे की ओर बहता है। ऐसी तीन चीजों के नाम बताओ जो नीचे की और बहती हैं –**

केरोसिन दूध डीजल

**देखो और जानो**

**1. किसी गड्ढे में ठहरे हुए तथा नदी में बहते हुए जल को देखो, दोनों तरह के जल में क्या अंतर है? जो अंतर आपको लगे उसे यहाँ लिखो।**

गड्ढे में ठहरे जल में बड़े पैमाने पर प्रदूषणकारी तत्व पाए जाते हैं, जबकि नदी के बहते पानी में इनकी मात्रा बहुत कम होती है।

**2. मछलियाँ जल में रहती हैं। जल में और कौन–कौन से जीव रहते हैं? कुछ के नाम बताओ –**

आक्टोपस, व्हेल, केंकड़ा, मेंढक, कच्छप आदि।

**3. जल के हैं कितने रूप? जल अपना रूप बदलता रहता है। सामान्यतः जल ठोस, द्रव व वाष्प तीन रूपों में मिलता है। नीचे दिए जल के रूपों के नाम लिखिए –**

ठोस तरल वाष्प

**भाषा–ज्ञान**

**1. बताओ इनको और क्या कहते हैं?**

| | | |
|---|---|---|
| पानी | नीर | जल |
| मेघ | बादल | घन |
| नदी | सरिता | तटिनी |
| धरती | धरा | भूमि |

**2. रेखांकित क्रिया शब्दों के पढ़ो और समझो –**

चित्रों से संबंधित क्रियाएँ हैं – धोना, नहाना, पकाना, पीना, तैरना, सींचना।

**अपनी कलम से**

- **पानी के विषय में चार–पाँच पंक्ति का एक सुंदर लेख लिखो –**

पानी को जल भी कहते हैं। जल जंतुओं तथा पेड़–पौधों के जीवित बने रहने के लिए अनिवार्य है। जल की तीन

अवस्थाएँ होती हैं – ठोस, तरल तथा गैस। बर्फ जल का ठोस, पानी तरल तथा भाप गैसीय रूप है। धरती पर पीने योग्य पानी या जल की बहुत काम मात्रा विद्‌यमान है। अतः हमें जल को सुरक्षित बनाए रखने के उसका प्रयोग अत्यंत सावधानीपर्वूक करना चाहिए।

**अपनी-अपनी सोच**

- **आप जल को व्यर्थ होने से कैसी रोक सकते हैं? सोचो और लिखो –**

  जल को व्यर्थ होने से बचाने के लिए निम्न उपाय किए जा सकते हैं–

  1. नल को आवश्यकता के समय पर ही खोलना चाहिए।
  2. जल को बेकार नहीं बहाना चाहिए।
  3. गिलास में उतना ही पानी लेना चाहिए जितनी कि ज़रूरत है।
  4. नहाते समय पानी को बाल्टी में लें, न कि सीधे नल चलाकर नहाएँ।

**हाथों का कमाल**

1. जल संरक्षण पर एक विज्ञापन बनाओ –

   जल के बिना जीवन संभव नहीं।
   जल को कभी व्यर्थ न करें।
   इसकी बूँदू-बुँद का संरक्षण जरूरी है।

**पहचानो और बताओ**

जल स्रोत हैं –

| | |
|---|---|
| सागर | नदी |
| नाला | जल प्रपात |
| कुआँ | हैंडपंप |

## अध्याय-11

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न :**

(क) (i) रूस ने (ख) (i) बादलों ने (ग) (iii) स्पूतनिक ने (घ) (ii) मंगल कीं

**प्रश्न-पिटारी**

**1. पढ़ो, समझो और उत्तर दो –**

(क) आकाश की ओर कौन भागा जा रहा था?
नन्हा स्पूतनिक आकाश की ओर भागा जा रहा था।

(ख) बादलों को किस बात का आश्चर्य हुआ?
बिना किसी सवारी के नन्हे मेहमान को आकाश की ओर आता देखकर बडा आश्चर्य हुआ।

(ग) स्पूतनिक का क्या काम था?
स्पूतनिक का काम मौसम के विषय में विभिन्न प्रकार की जानकारी धरती पर भेजना था।

(घ) स्पूतनिक क्या है, और उसे किसने बनाया?

स्पूतनिक एक मानव-निर्मित उपग्रह था, इसे रूस ने बनाया था।

(ङ) पवन ने तारों के लिए क्या कहा?

पवन ने तारों को सबसे अच्छा बताया।

**2. सही शब्द भरकर वाक्य पूरे करो –**

(क) मिजाज (ख) चाल (ग) कैमरा (घ) तस्वीरें, खबरें

(ङ) बस्तियाँ

**3. ये वाक्य किसने कहे?**

(क) बादल (ख) स्पूतनिक (ग) पवन (घ) पवन

**भाषा-ज्ञान**

**1. इन वाक्यों को पढ़ो –**

स्वयं कीजिए।

**2. इन्हें की जानो –**

स्वयं कीजिए।

**3. इनके विपरीतार्थक शब्द लिखो –**

आकाश – पाताल

चतुर– मूर्ख

नकली – असली

खुशी – गम

रोशनी – अँधेरा

**4. दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्द छाँटो –**

(क) भागा (ख) आने (ग) जाना (घ) बना (ङ) रहेगी

**अपनी-अपनी सोच**

- **सोचकर बताओ कि बादल और पवन की जगह आप होते तो स्पूतनिक के लिए क्या सोचते?**

स्वयं कीजिए।

**बताओ तो जाने**

स्वयं कीजिए।

**चर्चा मंच**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 12

**कविता से**

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (ii) देवलोक से (ख) (iii) केसर की (ग) (i) पवन (घ) (iii) बुलबुल

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो –**

   (क) परियाँ कहाँ से और क्यों आती हैं?

   परियाँ देवलोक से फुलवारी को देखने के लिए आती हैं।

   (ख) घाटी में पवन कैसी बहती है?

   घाटी में मंद-मंद पवन बहती है।

   (ग) घाटी में बुलबुल क्या करती है?

   घाटी में बुलबुल मीठे गीत सुनाती है।

   (घ) कविता में 'बांसती' का क्या अर्थ है?

   कविता में बांसती शब्द का अर्थ है – वसंत ऋतु की सुहावनी हवा।

   (ङ) हमें कैसी वाणी बोलनी चाहिए?

   हमें मधुर वाणी बोलनी चाहिए।

2. **कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए –**

देवलोक से परियाँ आती,
वहाँ देखने फूलवारी,
रंग-बिरंगे फूल खिले हैं।
महके केसर की क्यारी।
मंद पवन दुलराए जब जब
झूम उठे कलियाँ सारी,
थिरक-थिरक कर कलियाँ झूमें
फूलों की शोभा न्यारी।

**भाषा-ज्ञान**

1. **इन शब्दों को और किन नामों से पुकारते हैं?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| फूल | कुसुम | सुमन | पुष्प |
| पवन | वायु | हवा | समीर |
| भौंरा | भँवरा | भ्रमर | गुँजन |

2. **पढ़ो, समझो और नए शब्द लिखो –**

| **ड** | **ड़** | **ढ** | **ढ़** |
|---|---|---|---|
| गडरिया | उड़ | ढपली | मढ़ना |
| डमरू | गुड़िया | ढक्कन | बुढ़िया |
| डामर | सड़क | ढाबा | पढ़ना |
| डगर | लड़का | ढाल | पढ़ाई |
| डग | लड़की | ढिलाई | पढ़ाकू |
| डकार | लड़ी | ढील | बढ़ना |

डकैत लड़ाई ढीठ बढ़ोतरी

3. **दिए गए शब्दों से इन जैसे तुक वाले शब्द बनाओ –**

घाटी – माटी फुलवारी – बनवारी

कलियाँ – बलियाँ इठलाएँ – बिठलाएँ

न्यारी – क्यारी मँडराती – इतराती

**पहचानो और लिखो**

1. **आपने कौन-कौन से फूल देखें हैं? आप उनके नाम जानते हो। यदि हाँ तो नीचे दिए गए फूलों को पहचानों और उनके नाम लिखो –**

गेंदा, गुलाब, कमल

कमलिनी, जाफरी, गुड़हल

सूर्यमुखी, चमेली, डेलिया

2. **बहुत सारे फूलों को एक साथ सजाते हैं, तो वह 'गुलदस्ता' कहलाता है। इसी प्रकार बताओ कि निम्न शब्दों के लिए किस समूहवाची शब्दों का प्रयोग करेंगे?**

चाबियों का गुच्छा मोतियों की माला

फौजियों की टुकड़ी लकड़ियों का गट्ठर

खिलाड़ियों की टीम कागजों का रिम

**ढूँढो तो जाने**

- **नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं। प्रत्येक वाक्य में एक फूल का नाम दिया है, उसे ढूँढो और लिखो –**

(क) गुलाब (ख) गुलमेहँदी (ग) सूरजमुखी (घ) पेन्सी (ङ) चमेली (च) चाँदनी

## अध्याय - 13

**प्रश्न-पिटारी**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (iii) फटे (ख) (ii)राजकिशोर का (ग) (iv) राजकिशोर (घ) (i) ईमानदार

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो –**

(क) बसंत क्या-क्या बेचता था?

बसंत बटन और दियासलाई बेचता था।

(ख) वह राजकिशोर से पैसे क्यों नहीं लेता?

वह राजकिशोर से पैसे नहीं लेता, क्योंकि वह बिन सामान खरीदे दिए गए पैसों को भीख के समान समझता है।

(ग) प्रताप कौन था?

प्रताप बसंत का बड़ा भाई था।

(घ) बसंत राजकिशोर को पैसे वापस क्यों नहीं लौटा पाया?

बसंत राजकिशोर को पैसे इसीलिए नहीं लौटा सका, क्योंकि जब वह पैसे छुट्टे कराने के लिए गया तो वह एक दुर्घटना का शिकार बन गया था।

(ङ) बसंत और प्रताप कहाँ रहते हैं?

बसंत और प्रताप भीखू अहीर के घर में रहते हैं।

(च) राजकिशोर बसंत की मदद क्यों करना चाहता है?

राजकिशोर बसंत की मदद इसीलिए करना चाहता था, क्योंकि बसंत एक गरीब तथा ईमानदार बालक था।

**2. नाटक में ये वाक्य किसने कहे?**

(क) बसंत (ख) राजकिशोर (ग) कृष्णकुमार (घ) प्रताप

**भाषा-ज्ञान**

**1. पढ़ो, समझो और लिखो –**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लाना | – | लाया | लाता है | लाएगा |
| जाना | – | गया | जाता है | जाएगा |
| पढ़ना | – | पढ़ा | पढ़ता है | पढ़ेगा |
| पूछना | – | पूछा | पूछता है | पूछेगा |
| मिलना | – | मिला | मिलता है | मिलेगा |

**2. लिखो –**

स्वयं कीजिए।

**3. लिंगों के सही जोड़े बनाइए –**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| साहब | – | मेमसाहब | अहीर | – | अहीरनी |
| लड़की | – | लड़का | नेता | – | नेत्री |
| पंडित | – | पंडिताइन | युवक | – | युवती |
| सेवक | – | सेविका | भाई | – | बहन |

**4. दिए गए शब्दों से क्रिया शब्द छाँटकर लिखिए –**

(क) ढूँढना (ख) चलना (ग) बेचना (घ) लेना (ङ) उड़ना

**अपनी-अपनी सोच**

- **बसंत के स्थान पर आप नोट भुनाने जाते तो क्या करते? सोचकर बताओ।**

  स्वयं कीजिए।

- **राजकिशोर ने बसंत की सहायता क्यों की? उसके स्थान पर आपके पिता होते तो क्या करते?**

  स्वयं कीजिए।

**कहानी बनाओ –**

- **दिए गए संकेतों के आधार पर कहानी लिखो और उसे नाम दो–**

  किशोर एक गरीब लड़का था। वह पढ़ा-लिखा था। उसके पास कोई काम नहीं था। एक दिन उसे सड़क पर पर्स पड़ा मिला। उस पर्स में बहुत सारे रुपए थे। पर्स में एक कार्ड था। मालिक का नाम-पता उस पर लिखा था। मालिक के पास

जाना और पर्स वापस करना आसान था। पर्स पाकर उसका मालिक प्रसन्न हुआ। उसने किशोर की नौकरी पक्की की। किशोर को अपनी ईमानदारी का बड़ा फल मिला। वह परिश्रमी युवक था उसको परिमश्रम करने का अवसर मिल गया।

**सोचो, समझो और जानो**

स्वयं कीएिज।

## अध्याय - 14

**प्रश्न-पिटारी**

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (iv) अमेरिका के (ख)(ii) ग्रेस बेडल (ग) (i) नैनी जेल (घ) (ii) 11 साल

**1. पढ़ो, समझो और उत्तर दो –**

(क) यह पत्र किसके लिए लिखा गया?
यह पत्र अमेरिका के राष्ट्रपति को लिखा गया था।

(ख) यह पत्र किसने लिखा?
यह पत्र ग्यारह वर्ष की एक छोटी लड़की ने लिखा।

(ग) यह पत्र क्यों लिखा गया?
यह पत्र एक किशोरी द्वारा अब्राहम लिंकन का हौंसला बढ़ाने के लिए लिखा गया।

(घ) क्या लिंकन ने उस लड़की की सलाह मानी?
हाँ, अब्राहम लिंकन ने उस लड़की की सलाह मानी।

(ङ) समारोह में लिंकन ने उस लड़की को क्या कहकर पुकारा?
लिंकन ने उस लड़की को अपनी नन्ही मित्र कहकर पुकारा।

**भाषा-ज्ञान**

**1. दिए गए शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखो –**

| | |
|---|---|
| इच्छा – चाह | सलाह – राय |
| आशा – विश्वास | मित्र – दोस्त |
| शरारती – नटखट | मध्य– बीच |
| प्रयास – कोशिश | कृतज्ञता – उपकार |

**2. इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ो –**

स्वयं कीजिए।

**निम्न चित्रों के लिए एक विशेष शब्द लिखो –**

| | | |
|---|---|---|
| लाल | भूरा | काला |
| पीला | नीला | पीला–नीला |

**शब्द भंडार बढ़ाओ 'प्र' लगाकर शब्द लिखो –**

प्र + मुख = प्रमुख प्र + सिद्ध = प्रसिद्ध

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | + | भाव | = | प्रभाव | प्र | + | कार | = | प्रकार |
| प्र | + | खर | = | प्रखर | प्र | + | साद | = | प्रसाद |

- **सुंदर लेख लिखो –**

  स्वयं कीजिए।

**इन्हें भी जानो**

स्वयं कीजिए।

**अपनी कलम से**

**आपको अपने मित्र को कक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखना है। कैसे खिलेगे?**

प्रिय मित्र, ..............

मोहन ..............

सादर नमस्कार,

आपको यह जानकार अति प्रसन्नता होगी कि आपके अपनी कक्षा में प्रथम आने की सूचना मिलने पर मुझे भी वही खुशी हुई जो आपको हुई होगी। मैं आशा करता हूँ कि आप अपनी प्रत्येक कक्षा में ऐसे ही प्रथम आओ और मैं तुम्हारी सफलता पर यूँ ही बधाई देता रहूँ।

आपका मित्र

रोहित।

## अध्याय - 15

**पढ़ो कहानी बताओ जुबानी :** स्वयं कीजिए।

**प्रश्न-पिटारी**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

   (क) (ii) आम का (ख) (i) पेड़ काटने को (ग) (iii) पापा जी (घ) (ii) प्रकृति प्रेमी

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो –**

   (क) दादाजी ने प्रतीक को क्या करने का कहा?

   दादाजी ने प्रतीक को कपड़े बदलकर खाना खाने को कहा।

   (ख) प्रतीक के दादाजी आम के पेड़ को क्या मानते थे?

   प्रतीक के दादाजी आम के पेड़ को अपने पुत्र के समान मानते थे।

   (ग) दादाजी को आम का पेड़ क्यों कटवाना पड़ा?

   दादाजी को आम का पेड़ कटवाना पड़ा, क्योंकि उनके बीमार बेटे के इलाज के लिए रुपयों की ज़रूरत थी।

   (घ) आम का पेड़ कट जाने पर दादाजी का क्या हुआ?

   आम का पेड़ कट जाने पर दादाजी भी स्वर्ग सिधार गए।

2. **सही वाक्य पर ( ✔ ) का तथा गलत पर ( ✗ ) का निशान लगाइओ –**

(क) ✔ (ख) ✗ (ग) ✔ (घ) ✔

**भाषा-ज्ञान**

**1. समान अर्थ वाले शब्द चुनकर मिलाओ –**

पापा – पिता     माता – माँ     पुत्र – बेटा

दिन – दिवस     मित्र – दोस्त

**2. एक से अनेक बनाकर खाली जगह भरो–**

(क) आमों (ख) वृक्षों (ग) आँखों (घ) प्राणियों

**3. चित्र देखकर बताओ ये क्या कर रहे हैं?**

सब्जी काटना     खेलना     खाना

**अपनी-अपनी सोच** : स्वयं कीजिए।

**सबके लिए** : स्वंय कीजिए।

**चर्चा-मंच** : स्वयं कीजिए।

**शब्दों के खेल**

- **दिए गए शब्दों को पढ़ो और चित्रों को देखो। प्रत्येक चित्र का नाम दिए गए शब्द में छुपा है। उसे ढूँढो और उसका चित्र से मिलान करो –**

  कान, हार, बाजा, पान

## आदर्श प्रश्न-पत्र-1

1. **प्रश्नों के उत्तर दो:**
   - (क) सारे जग को रास्ता ध्रुव तारा दिखाता है।
   - (ख) आँचल चंदन की खुशबू से भीगा हुआ है।
   - (ग) बच्चों ने बीनू से शक्तिमान बनकर उसकी तरह घूमने को कहा।
   - (घ) गिलहरी ने कौए को बताया कि आलसी और कामचोर लोगो का हश्र बुरा होता है।
   - (ङ) माही ने जुगनूओं को उजाले के बच्चों का नाम दिया।

2. (क) सामान अर्थ वाले शब्द लिखो:

   निर्भय   निडर     जग   संसार

   जल   पानी     नटखट   शैतान

   (ख) उल्टे अर्थ वाले शब्द लिखो:

   जन्म   मृत्यु     सौभाग्य   दुर्भाग्य

   पालतू   जंगली     दु:खी   सुखी

3. (क) दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ:

   धरती – इस धरती पर अनेक प्राणी रहते हैं।

   जंतु – हमें जीव-जंतुओं पर दया करनी चाहिए।

   जगर – वह नगर बहुत विचित्र था।

   गिलहरी – गिलहरी परिश्रमी थी।

   आलसी – कौआ आलसी और काचोर था।

   (ख) इन शब्दों को उचित स्थान पर लिखो:

   दीया     प्राणी     स्थान

| | | |
|---|---|---|
| दीया | जुगनू | बरामदा |
| पलंग | माँ | घर |

4. अपने बचपन पर पाँच वाक्य बनाओ।
स्वंय करे
5. कोष्ठक में दिए शब्द के सही रूप से वाक्य पूरे करो:
(क) काले (ख) छुट्टियाँ (ग) लोगों (घ) दिखाई
6. (क) प्रत्येक वर्ण से दो-दो शब्द बनाओ:
त्र - त्रिशूल त्रिदेव क्ष - क्षमा क्षत्रिय
(ख) दिए गए शब्द से नए शब्द बनाओ:
महकना-महक, हक, नाक, मना

## आदर्श प्रश्न-पत्र-2

**1. प्रश्नों के उत्तर दो:**

(क) बाघ टिपटिपे के डर से भग गया।
(ख) मिट्टी ने अपनी उपयोगिता बतायी कि जैसे मुझ से ईटें बर्तन आदि बनते हैं। सभी पौधे मिट्टी में उगते है। सीमेंट, लोहा पत्थर आदि भी मुझ से ही मिलते हैं।
(ग) सेठ ने कपड़े को लाल, हरा, नीला, पीला, सफेद, काला, नारंगी, आसमानी, बैंगनी आदि को छोड़कर किसी भी रंग में रंगने को कहा।
(घ) जल नदियों, झीलों, सागरों, महासागरों आदि में मिलता है
(ङ) स्पूतनिक एक मानव-निर्मित उपग्रह था इसे रूस ने बनाया था।

2. (क) शब्दों के लिंग बदलो:

| | | | |
|---|---|---|---|
| बूढ़ा | बुढ़िया | लड़का | लड़की |
| बाघ | बाघिन | मोर | मोरनी |

(ख) समान अर्थ वाले शब्द लिखो:

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनभिज्ञ | अनजान | प्रशंसा | तारिफ |
| बरखा | बारिश | अनमोल | बहुमूल्य |

3. (क) दिए शब्दों के साथ विशेषण शब्द लगाओ:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा | शीतल | डंडा | मजबूत | नानी | सुंदर |
| बाघ | भयानक | फूल | लाल | तितली | रंग-बिरंगी |

4. उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करो:
(क) हाँ, मैं मिट्टी हूँ।
(ख) सेठ अवंती की दुकान पर क्यों आया?
(ग) मिताली! यह मैं हूँ।
(घ) उसने नल खोल रखा था।
(ङ) ऐ मटके! क्या रास्ते में तुमने बुढ़िया को देखा है?

5. दिए गए शब्दों में से संज्ञा और विशेषण शब्द छाँटो:

| संज्ञा | विशेषण |
|---|---|
| गाँव | भयानक |
| खान | लाल |
| बुढिया | चतुर |
| मटका | अच्छा |

6. दिए वाक्यों मे क्रिया शब्द छाँटो:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | तूफ़ान आने वाल था। | आने वाला था |
| (ख) | बाघ भाग रहा था। | भाग रहा था |
| (ग) | नल से पानी बह रहा था। | बह रहा था। |

(घ) मुझे ऊपर जाना है। जाना है।

## आदर्श प्रश्न-पत्र-3

1. प्रश्नों के उत्तर दो:

(क) घाटी में बुलबुल मीठे गीत सुनाती है।

(ख) राजकिशोर बसंत की महद इसलिए करना चाहता है क्योंकि बसंत एक गरीब तथा ईमानदार बालक था।

(ग) लिंकन को ग्यारह वर्षीय लड़की ग्रेस बेडल ने पत्र लिखा।

(घ) दादाजी को आम का पेड़ कटवाना पड़ा क्योंकि उनके बीमार बेटे के इलाज के लिए रुपयों की जरूरत थी।

2.(क) दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ:

घाटी - घाटी में तरह-तरह के फूल खिले थे।
फूल - बच्चों का मन फूल के समान कोमल होता है।
ईमानदार - हमें ईमानदार बनना चाहिए।
गरीब - बसंत बहुत गरीब लड़का था।
मित्र - जीवन में सच्चे मित्र की बहुत आवश्यकता होती है।

(ख) उल्टे अर्थ वाले शब्द लिखो:

मंद तीव्र आशा निराशा
गरीब अमीर प्रशंसा निदां

(ग) एक से अनेक बनाओ:

परी परियाँ छन्नी छन्नियाँ
फुलवारी फुलवारियाँ बात बातें

3. इनको क्या कहेंगे:

(क) किसान (ख) डाकिया (ग) डॉक्टर (घ) माली

4. इन शब्दों को और क्या-क्या कहते हैं?

फूल पुष्प सुमन पवन हवा समीर
सूरज सूर्य दिनकर धरती भू भूमि

5. समान तुक वाले शब्द बनाओ:

माटी घाटी फुलवारी क्यारी
न्यारी प्यारी इठलाएँ बहलाएँ

6. एक से अनेक बनाकर खाली जगह करो:

(क) आमों (ख) वृक्षों (ग) आँखों (घ) प्राणियों